5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 अगस्त 2025

अंक : 509

## टीम वेकोलि ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस







वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में 15 अगस्त, 2025 को उत्साह एवं उमंग के साथ "स्वतंत्रता दिवस" समारोह मनाया गया।

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने वेकोलि सुरक्षा गारद की परेड का निरीक्षण किया तथा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुरक्षा कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं बैज प्रदान किया, उपरान्त टीम वेकोलि को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कंपनी के उत्पादन, उत्पादकता, पर्यावरण संरक्षण, खनन कार्यों में सुरक्षा, सीएसआर की गतिविधियों आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कंपनी में नई तकनीक और नए उपकरणों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि गत वर्ष की तरह, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड इस वित्तीय वर्ष में भी अपना उत्पादन का लक्ष्य पूर्ण करेगा। उन्होंने कर्मियों से आह्वान किया कि कोयला उत्पादन के माध्यम से देश की उन्नति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

वेकोलि मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आभा द्विवेदी, उपाध्यक्षा श्रीमती रीना पांडे, वेकोलि के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना/परियोजना) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, सीवीओ श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, वेकोलि संचालन समिति के सदस्य, कल्याण मंडल के सदस्य, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्यालय के महाप्रबंधक तथा विभागाध्यक्ष गण प्रमुखता से उपस्थित रहे।

इसके उपरान्त सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक गण, सीवीओ एवं अन्य गणमान्यों ने वेकोलि मुख्यालय के आवासीय परिसर में शिशुगृह (Creche) का उद्घाटन किया। तत्पश्चात, उन्होंने सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मियों तथा दसवीं, बारहवीं एवं उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने वाले कर्मियों के बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाली खदानों एवं क्षेत्रों को भी पुरस्कृत किया गया। बेस्ट क्षेत्र के पुरस्कारों की श्रेणी में उमरेड क्षेत्र को प्रथम, बल्लारपुर क्षेत्र को द्वितीय तथा माजरी क्षेत्र को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किए गए।






## स्वतंत्रता दिवस पर नन्हे-मुन्नों के लिए अत्याधुनिक क्रेच सुविधा का शुभारंभ






## स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यालय में हुआ रंगारंग कार्यक्रम






## उत्कृष्ट कर्मियों, आश्रित बच्चों एवं क्षेत्रों को किया गया सम्मानित








